एक तेरा सहारा मिले साँवरे

एक तेरा सहारा मिले साँवरे दुनिया की परवाह नहीं है,
तेरी शरण सी इस दुनिया में दूजी कोई फन्हा नहीं है,
एक तेरा सहारा मिले साँवरे

कैसे शुक्र करू सांवरियां मैं तेरे उपकारों का,
मुश्किल में तू साथ है चलता रूप बना कर यारो का,
सुख में तू है संग ये दुनिया दुःख में पकड़े बांह नहीं है,
एक तेरा सहारा मिले साँवरे

जीत जाऊँगा तेरी किरपा से जीवन की हर बाजी मैं,
अच्छा बुरा वक़्त जो दे तू तेरी रजा में राजी मैं,
इजाजत से परिवार चले मेरा शोरत की मुझे चाह नहीं है,
एक तेरा सहारा मिले साँवरे

होठो पे जब नाम हो तेरा दिल में इक अरदास हो
रोमी के भी घर आंगन में बाबा तेरा वास हो,
मंजिल चाहे जैसी भी हो बस तेरी इक राह सही है,
एक तेरा सहारा मिले साँवरे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14277/title/ik-tera-sahara-mile-sanware-duniya-ki-parvaah-nhi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |